# દ્વિતીય લેખિત કસોટી : એપ્રિલ-૨૦૧૮

તારીખ : ૧૩/૦૪/૨૦૧૮ | ધોરણ-૮ | સમય : ૮:૦૦ થી ૧૧:૦૦
વાર : શુક્રવાર | વિષય : हिन्दी | કુલ ગુણ : ૮૦

વિદ્યાર્થીનું નામ : ______________________ બેઠક નંબર : ______

સૂચના : (1) પ્રશ્નોના જવાબ અલગ ઉત્તરવહીમાં લખવાના રહેશે.

प्रश्न-१ (अ) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। (3)

(१) कंडला क्या है ?

(A) हवाई अड्डा (B) औद्योगिक नगर

(C) पर्यटन केन्द्र (D) बंदरगाह

(२) प्यासी कौन है ?

(A) फुलवारी (B) धरती (C) चट्टान (D) मंजिल

(३) कंचन का अर्थ क्या है ?

(A) हीरा (B) सोना (C) चाँदी (D) मोती

(ब) सही वाक्यांश चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए । (2)

(१) कच्छ को हम 'म्यूजियम' कह सकते है, क्यों कि ......

(अ) यहाँ तरह-तरह के पशु-पक्षी पाए जाते हैं ।

(ब) यहाँ तरह-तरह की वनस्पतियाँ मिलती हैं ।

(क) यहाँ अनेक दर्शनीय स्थानों का वैविध्य है ।

(२) मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर बनाने का मतलब है ......

(अ) पूजाघरों का स्वरूप बताना ।

(ब) सच्ची भक्ति प्रकट करना ।

(क) भगवान का बँटवारा करना ।

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यमें लिखिए । (किन्ही छः) (6)

(१) आपके घर डाक देने कौन आता है ?

(२) कच्छ के तीन बड़े शहर के नाम लिखो ।

(३) शास्त्रीजी के नाम के साथ कौन-सा विशेषण लगाया गया ?

Scanned by CamScanner

(४) सुलतान पर सवार खड्गसिंह ने बाबा भारती से क्या कहा ?

(५) शास्त्रीजी के लिए कर्म क्या था ?

(६) कच्छ के मुख्य केन्द्र का नाम लिखिए ।

(७) बाबा भारती के घोडे का नाम क्या था ?

**(ड) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यमें लिखिए । (किन्ही पाँच)** **(5)**

(१) कवि किसे न बाँटने लिए कहता है ?

(२) सूरज का संदेशा किसे नहीं मिला ?

(३) परिश्रम करने वालों को क्या मिलता है ?

(४) तुलसीदास प्रेम और धन में से किसे महत्व देते है ?

(५) समुद्र में क्या आया है ?

(६) माँझी का हाथ कब तक नहीं रुकता है ?

**प्रश्न-२ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्य में लिखिए । (किन्ही चार)** **(8)**

(१) डायरी-लेखन की दो विशेषताएँ लिखिए ।

(२) कच्छ के गांधीधाम नगर की विशेषता बताईए ।

(३) बाबा भारती अपना समय कैसे बिताते थे ?

(४) शास्त्रीजी का जीवन-दर्शन किसका प्रतिरुप था ?

(५) बाबा भारती किस बात से डर गए थे ?

**(ब) निम्नलिखित रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए ।** **(5)**

(१) अपने परिवारजनों और मित्रों को ____________ पत्र लिखे जाते हैं ।

(व्यक्तिगत पत्र, कार्यालयी पत्र)

(२) कंडला ____________ है । (बंदरगाह, पर्यटन केन्द्र)

(३) कच्छ में बहत्तर जिनालय ____________ में है । (मांडवी, गांधीधाम)

(४) शास्त्रीजी के लिए कर्म ____________ था । (ईश्वर, जीवन)

(५) बाबा भारती ____________ में रहते थे । (मंदिर, घर)

**(क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ देकर वाक्य प्रयोग कीजिए । (किन्ही दो)** **(4)**

(१) लट्टू होना

(२) फूला न समाना

(३) फूट-फूट कर रोना

Scanned by CamScanner

(ड) शब्दकोश के क्रम में लिखिए । (2)

(१) प्यासी (२) आँगन (३) सागर (४) इन्सान

(इ) विराम चिह्नों का उचित प्रयोग कीजिए । (1)

(१) इस अवसर पर मैं तुम्हें बधाई क्यों न दूँ

(ई) शब्द-समूह के लिए एक शब्द लिखिए । (2)

(१) सिखों का धार्मिक स्थल

(२) दो पहाडों के बीच का समतल स्थल

प्रश्न-३ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्योंमें लिखिए । (किन्ही तीन) (6)

(१) लोगों ने भगवान को किस प्रकार बाँट लिया है ?

(२) किसकी मुस्कान को कोई रौंद नहीं पाएगा ?

(३) लोग किन-किन कारणों से भीख माँगते है ?

(४) कबीर साँई से कितना माँगते है ?

(ब) काव्यपंक्ति पूर्ण कीजिए । (4)

मंदिर - मस्जिद ................................

..............................................

..............................................

.......................................... इंसान ।

प्रश्न-४ (अ) निम्नलिखित शब्दों के साथ सही उपसर्ग जोड़कर शब्द लिखिए । (2)

(प्रति, निर्)

(१) दिन (२) मूल

(ब) निम्नलिखित शब्दों के साथ सही प्रत्यय जोड़कर शब्द लिखिए । (2)

(इक, त्व)

(१) समाज (२) मनुष्य

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय पहचानकर लिखिए । (2)

(१) भावेश कम बोलता है ।

(२) सानिया प्रतिदिन कार्यालय जाती है ।

(ड) निम्नलिखित वाक्यों का काल पहचानकर लिखिए । (2)

(१) वंदना भीतर बैठी थी ।

(२) मनीषा मधुर गीत गाती है ।

Scanned by CamScanner

**(इ) वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।** (2)

(१) यह माला बहुत अच्छी है ।

(२) मुझे हरी चूड़ी अच्छी लगती है ।

**(ई) लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।** (2)

(१) मुझे स्वामी होने का गर्व नहीं है ।

(२) मैं लेखक बनना चाहता हूँ ।

**प्रश्न-५ (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर आठ-दश वाक्यों में निबंध लिखिए ।** (8)

(१) मेरा प्रिय त्योहार (२) मेरे प्रिय नेता (३) नदी की आत्मकथा

**(ब) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए ।** (6)

एक कंजूस के पास काफी सोना – बक्से में भरकर खेत में गाड़ देना – रोज रात के समय गिनता – चोर का देख लेना – अशरफियों के बदले पत्थर भर देना – दूसरे दिन कंजूस का रोना – एक बूढ़े की सलाह, 'अब पत्थर गिन लेना ।'

**अथवा**

**निम्नलिखित विषय पर पत्रलेखन किजिए ।**

जन्मदिन के अवसर पर बधाई पत्र अपने मित्र को लिखिए ।

**(क) निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** (6)

विशाल भारत में अनेक दर्शनीय प्रांत है । सब का अपना महत्व एवं सौंदर्य है। गुजरात उनमें से एक अनूठा राज्य है । गुजरात का एक विशिष्ट जिला है 'कच्छ' । जो गुजरात का अत्यंत रमणीय प्रदेश है । यात्रियों के लिए कच्छ आकर्षण का केन्द्र है । इसका पौराणिक महत्व भी कम नहीं । अनेक स्थानों के वैविध्य के कारण इसे 'म्युज़ियम' (संग्रहालय) कह सकते है ।

**प्रश्न :**

(१) गुजरात का एक विशिष्ट जिला कौन सा है ?

(२) किसके लिए कच्छ आकर्षण का केन्द्र है ?

(३) म्युज़ियम का अर्थ बताईए ।

---

Scanned by CamScanner